टीका (वैक्सीन) सूचना विवरण

सेरोग्रुप B मेनिन्गोकोकल टीका (MenB): *आपको क्या जानने की जरूरत है*

Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

कई टीका सूचना विवरण हिन्दी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.immunize.org/vis देखें

1 टीका क्यों लगवाएं?

मेनिन्गोकोकल (Meningococcal) रोग ऐसी गंभीर बीमारी है जो कि *नेसिरिया मेनिन्जाइटिडिस (Neisseria meningitidis)* नामक बैक्टीरिया से होती है। इससे मेनिन्जाइटिस (मस्तिष्क के अस्तर और रीढ़ का संक्रमण) और रक्त के संक्रमण हो सकते हैं। मेनिन्गोकोकल रोग अक्सर बिना चेतावनी के – और यहाँ तक कि स्वस्थ लोगों में भी हो जाता है।

मेनिन्गोकोकल रोग विशेषकर एक ही घर में रह रहे एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नजदीकी संपर्क (खाँसने या चूमने) या लंबे संपर्क के माध्यम से फैल सकता है।

कम से कम 12 प्रकार के *एन. मेनिन्जाइटिडिस* होते हैं, जिन्हें "सेरोग्रुप" कहा जाता है। सेरोग्रुप A, B, C, W, और Y से अधिकांश मेनिन्गोकोकल रोग होते हैं।

मेनिन्गोकोकल रोग किसी को भी हो सकता है लेकिन कुछ लोगों को यह रोग होने का जोखिम ज्यादा होता है, जैसे कि:

- एक वर्ष से कम आयु के शिशु
- 16 से 23 वर्ष तक की आयु के किशोर और युवा
- प्रतिरक्षी तंत्र (immune system) को प्रभावित करने वाली कुछ चिकित्सीय समस्याओं से ग्रस्त लोग
- *एन. मेनिन्जाइटिडिस* के आइसोलेटों के साथ नियमित रूप से कार्य करने वाले अणुजीव वैज्ञानिक (Microbiologists)
- अपने समुदाय में यह रोग फैलने के कारण जोखिम का सामना कर रहे लोग

उपचार के बावजूद भी मेनिन्गोकोकल रोग 100 संक्रमित लोगों में से 10 से 15 व्यक्तियों के प्राण हर लेता है। और जीवित रहने वाले हर 100 में से 10 से 20 व्यक्ति की सुनने की शक्ति कम होना, मस्तिष्क को क्षति, गुर्दे को क्षति, अंग काटना, तंत्रिका प्रणाली संबंधी समस्याओं या स्किन ग्राफ्टिंग जैसी अक्षमताओं से होने वाले गंभीर निशानों से ग्रस्त हो जाते हैं।

सेरोग्रुप B मेनिन्गोकोकल (MenB) वैक्सीन से सेरोग्रुप B से होने वाले मेनिन्गोकोकल रोग के निवारण में मदद मिल सकती है। सेरोग्रुप A, C, W और Y से बचाव के लिए अन्य मेनिन्गोकोकल टीकों की सिफारिश की जाती है।

2 सेरोग्रुप B मेनिन्गोकोकल टीका

दो सेरोग्रुप B मेनिन्गोकोकल टीकों — Bexsero® और Trumenba® — को खाद्य और औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) ने लाइसेंस दिया है।

इन टीकों की सिफारिश नियमित रूप से 10 वर्ष या उससे अधिक आयु के उन लोगों के लिए की जाती है, जिन्हें सेरोग्रुप B मेनिन्गोकोकल संक्रमण होने का जोखिम अधिक होता है, जिनमें शामिल हैं:

- सेरोग्रुप B मेनिन्गोकोकल रोग फैलने के कारण जोखिम वाले लोग
- ऐसा कोई भी व्यक्ति जिसकी तिल्ली (स्प्लीन) क्षतिग्रस्त हो गई हो या निकाल दी गई हो
- प्रतिरक्षी प्रणाली की "लगातार पूरक घटक अपूर्णता (persistent complement component deficiency)" नामक दुर्लभ स्थिति से ग्रस्त कोई व्यक्ति
- एकुलिजुमैब (Soliris® भी कहा जाता है) नामक दवा लेने वाला कोई व्यक्ति
- *एन. मेनिन्जाइटिडिस* के आइसोलेटों के साथ नियमित रूप से कार्य करने वाले अणुजीव वैज्ञानिक (माइक्रोबायोलॉजिस्ट)

ये टीके 16 से 23 वर्ष तक की आयु के किसी भी व्यक्ति को सेरोग्रुप B मेनिन्गोकोकल रोग के अधिकांश तंतुओं (स्ट्रेंस) से अल्पकालिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए भी लगाए जा सकते हैं; 16 से 18 वर्ष तक की आयु इस टीके के लिए प्राथमिकता वाली आयु है।

सर्वोत्तम बचाव के लिए, सेरोग्रुप B मेनिन्गोकोकल टीके की 1 से अधिक खुराक की आवश्यकता होती है। सभी खुराकों में अवश्य एक ही टीके का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। खुराकों की संख्या और टाइमिंग के बारे में अपने स्वास्थ्य देखरेख प्रदाता से पूछें।

3 कुछ लोगों को इन टीके नहीं लगवाने चाहिए

आपको टीका लगाने वाले व्यक्ति को बताएं:

- **यदि आपको कोई गंभीर, प्राणघातक एलर्जी हो।**
  यदि आपको सेरोग्रुप B मेनिन्गोकोकल टीके की पिछली खुराक लेने के बाद कभी भी कोई प्राणघातक एलर्जी हुई हो या यदि आपको इस टीके के किसी भी घटक से गंभीर एलर्जी हो तो आपको यह टीका नहीं लगवाना चाहिए। *अपने स्वास्थ्य देखरेख प्रदाता को बताएं यदि आप लेटेक्स से आपको होने वाली गंभीर एलर्जी सहित किसी भी गंभीर एलर्जी के बारे में जानते हों।* वह आपको टीके के घटकों की जानकारी दे सकता/सकती है।
- **यदि आप गर्भवती हों या अपने शिशु को स्तनपान कराती हों।**
  गर्भवती महिलाओं या अपने शिशु को स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए इस टीके के संभावित जोखिमों के विषय में बहुत अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। गर्भावस्था के दौरान इस टीके का इस्तेमाल तभी किया जाना चाहिए जब ऐसा करने की स्पष्ट रूप से आवश्यकता हो।

यदि आपको सर्दी-जुकाम जैसी कोई हल्की-फुल्की बीमारी हो तो आप संभवत: आज यह टीका लगवा सकते/सकती हैं। यदि आप मध्यम या गंभीर रूप से बीमार हों, तो आपको संभवत: ठीक होने तक प्रतीक्षा करनी चाहिए। आपका डॉक्टर आपको सलाह दे सकता है।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

4 टीके से प्रतिक्रिया के जोखिम

टीकों सहित किसी भी दवा से प्रतिक्रियाएं होने की संभावना होती है। ये प्रतिक्रियाएं आमतौर पर हल्की-फुल्की होती हैं और कुछ ही दिनों में अपने आप दूर हो जाती हैं, लेकिन गंभीर प्रतिक्रियाएं होने की भी संभावना होती है।

सेरोग्रुप B मेनिन्गोकोकल टीका लगवाने वाले आधे से अधिक लोगों को टीका लगवाने के बाद **हल्की-फुल्की समस्याएं** होती हैं। ये प्रतिक्रियाएं 3 से 7 दिनों तक बनी रह सकती हैं, और इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- शरीर में जिस स्थान पर टीका (shot) लगाया गया वहाँ दर्द, लालिमा या सूजन
- थकान या थकावट होना
- सिर दर्द
- मांसपेशी या जोड़ों में दर्द होना
- बुखार होना या ठंड लगना
- उल्टी या दस्त लगना

इन टीकों के बाद हो सकने वाली अन्य समस्याएं:

- कभी-कभी लोग टीका लगवाने सहित किसी चिकित्सीय प्रक्रिया के बाद बेहोश हो जाते हैं। 15 मिनट तक बैठे रहने या लेटने से बेहोशी छाने या गिरने के कारण चोट लगने से बचाव हो सकता है। यदि आपको चक्कर आ रहे हों या दिखाई देने में बदलाव हो या कानों में घंटियाँ-सी बज रही हों, तो अपने प्रदाता को बताएं।
- कुछ लोगों को इंजेक्शन लगने के बाद नियमित रूप से होने वाले दर्द से ज्यादा गंभीर और स्थायी पीड़ा कंधे में होती है। ऐसा बहुत दुर्लभ मामलों में होता है।
- किसी भी दवाई से एक गंभीर एलर्जी हो सकती है। किसी टीके से ऐसी प्रतिक्रियाएं होना बहुत दुर्लभ बात है, अनुमान है कि ऐसा दस लाख खुराकों में से लगभग एक खुराक के मामले में टीका लगने के बाद कुछ ही मिनटों से कुछ घंटों में होता है।

किसी भी दवाई की भांति टीके से कोई गंभीर क्षति या मृत्यु होने की संभावना बहुत ही कम है।

टीकों की सुरक्षा की हमेशा निगरानी की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए, इस पर जाएं: **www.cdc.gov/vaccinesafety/**

5 कोई गंभीर प्रतिक्रिया होने पर क्या करें?

मुझे किस बात का ध्यान रखना चाहिए?

- किसी भी ऐसी बात का ध्यान रखें, जो कि आपसे संबंधित हो, जैसे कि किसी गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के लक्षण, बहुत तेज बुखार या असामान्य व्यवहार।

  किसी **गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया** के लक्षणों में पित्ती, चेहरे और गले में सूजन होना, साँस लेने में कठिनाई होना, दिल की धड़कन तेज होना, चक्कर आना और कमजोरी महसूस होना शामिल हैं। आमतौर पर ये लक्षण टीका लगने के बाद कुछ मिनटों से लेकर कुछ घंटों बाद शुरू हो जाएंगे।

मुझे क्या करना चाहिए?

- यदि आपको ऐसा लगता है कि यह कोई **गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया** या अन्य कोई ऐसी इमरजेंसी है जिसमें प्रतीक्षा नहीं की जा सकती है तो 9-1-1 पर फोन करें और नजदीकी अस्पताल में पहुँचें। अन्यथा अपने क्लिनिक को फोन करें।

  इसके बाद उस प्रतिक्रिया की जानकारी वैक्सीन प्रतिकूल घटना रिपोर्टिंग प्रणाली (Vaccine Adverse Event Reporting System, VAERS) को दी जानी चाहिए। आपके डॉक्टर को यह रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए या आप स्वयं भी **www.vaers.hhs.gov** पर VAERS की वेबसाइट के माध्यम से या **1-800-822-7967** को फोन करके ऐसा कर सकते हैं।

VAERS चिकित्सीय सलाह प्रदान नहीं करती है।

6 राष्ट्रीय वैक्सीन क्षति मुआवजा कार्यक्रम (National Vaccine Injury Compensation Program)

राष्ट्रीय टीका क्षति मुआवजा कार्यक्रम (National Vaccine Injury Compensation Program, VICP) ऐसा संघीय कार्यक्रम है जो कि उन व्यक्तियों को मुआवजा देने के लिए तैयार किया गया था जिन्हें कुछ टीकों से क्षति हुई हो।

जिन व्यक्तियों का यह मानना है कि उन्हें किसी टीके से क्षति हुई होगी, वे **1-800-338-2382** पर फोन करके या **www.hrsa.gov/vaccinecompensation** पर VICP की वेबसाइट पर जाकर इस कार्यक्रम और अपना दावा दाखिल करने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुआवजे के लिए दावा करने की समय-सीमा होती है।

7 मुझे और अधिक जानकारी कैसे मिल सकती है?

- अपने डॉक्टर से पूछें। वह आपको टीका पैकेज इंसर्ट दे सकता/सकती है या जानकारियों के अन्य स्रोतों के विषय में सुझाव दे सकता/सकती है।
- अपने स्थानीय या राज्य स्वास्थ्य विभाग को फोन करें।
- रोग नियंत्रण और निवारण केंद्र (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO)** पर फोन करें या
  - **www.cdc.gov/vaccines** पर CDC की वेबसाइट पर जाएं

Translation provided by California Department of Public Health